# केईएम को विशेष वार्ड प्रदान

पुणे 30 अक्तूबर (लोस सेवा)

मुकुल माधव फाउंडेशन ने चिकित्सा शिक्षा और सामाजिक कल्याण जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कई जिंदगियों को लाभ पहुंचाया है. हालही में इस फाउंडेशन ने केईएम अस्पताल के एनआईसीयू वार्ड को विशेष वार्ड दान किया है. इस वार्ड का नाम सोनाली द लिटिल स्टार्स रुम है.

इस वॉर्ड का उद्‌घाटन रजनीकांत जेठा, निदेशक-स्पाइका इलास्टिक प्राइवेट लिमिटेड की पत्नी आशा जेठा द्वारा किया गया. इस वक्त मुकुल माधव फाउंडेशन के प्रमुख सदस्य और फिनोलेक्स इंडस्ट्रिस लिमिटेड के संस्थापक प्रहलाद छाब्रिया, फिनोलेक्स इंडस्ट्रिज लिमिटेड के अध्यक्ष प्रकाश छबड़िया, मुकिल माधव फाउंडेशन की प्रबंधक ट्रस्टी रितु छाब्रिया, केईएम अस्पताल के चिकित्सा निदेशक डॉ. अे. एन पंडित, मनिष जेठा एवं मनिषा जेठा और गायत्री छाब्रिया ट्रस्टी मुकुल माधव फाउंडेशन (एनएफएफ) शामिल हुए. इस अवसर पर पुणे के जाने माने लोग भी मौजुद थे.

यहां पर बोलते हुए प्रकाश छाब्रिया ने कहा कि यदि आप देखेंगे तो केईएम ने गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए जो काम किया है वह अविश्वसनिय है. मुझे केईएम पर पुरी तरह विश्वास है. मुकुल माधव फाउंडेशन ने हमेशा बच्चो के उत्थान के लिए अपना योगदान दिया है.



लाल फीत काट कर वॉर्ड का उद्‌घाटन करती हुई रितु छाब्रिया, मनीषा जेठा, आशा जेठा, गायत्री छाब्रिया और साथ में है मनीष जेठा,